Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 2

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 50

मूल्य 300 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

14 दिसम्बर 2017 ई. 25 रबीउल् अव्वल 1439 हिजरी कमरी

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

पंजाब और हिन्दुस्तान के लोग मुझ से ऐसे बिगड़ गए थे कि मुझे पैरों के नीचे कुचलना चाहते थे अवश्य था कि वे लोग अपने अनथक प्रयासों में सफल हो जाते और मुझे तबाह कर देते, परन्तु वे सब के सब असफल रहे। मैं जानता हूँ कि उन का इतना कोलाहल करना तथा मुझे तबाह करने के भरसक प्रयत्न तथा यह उत्तेजित तूफान जो मेरे विरोध में पैदा हुआ, यह इसलिए नहीं था कि ख़ुदा ने मुझे तबाह करने का इरादा किया था वरना इसलिए था ताकि ख़ुदा तआला के निशान प्रकट हों और ताकि सामर्थ्यवान ख़ुदा जिसे कोई पराजित नहीं कर सकता, उन लोगों के मुक़ाबले पर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करे तथा अपनी शक्ति का चमत्कार प्रकट करे। अत: उसने ऐसा ही किया।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

100. सौवां निशान - बराहीन अहमदिया की वह भविष्यवाणी है जो उसके पृष्ट 241 (हाशिए) में लिखा है और भविष्यवाणी की इबारत यह है -

لا ئیئس من روح اللہ۔ الآ انَّ روح اللہ قریبٌ الآ انّ نصر اللہ قریب۔ یأتیک من کلّ فجٍّ عمیق۔ یاتون من کل فجٍّ عمیق۔ ینصرک اللہ من عندہٖ۔ ینصرک رحالٌ نوحِی الیھم من السَّمآء۔ ولَا تصعِّر لخلق اللہ ولا تسئم من النَّاس

देखिए पृष्ठ 241 (हाशिया) बराहीन अहमदिया प्रकाशित 1881, 1882 ई. मुद्रक सफ़ीर हिन्द प्रेस अमृतसर।

(अनुवाद) ख़ुदा की कृपा से निराश मत हो और यह बात सुन रख कि ख़ुदा की कृपा निकट है। सावधान! कि ख़ुदा की सहायता निकट है। वह सहायता तुझे प्रत्येक मार्ग से पहुँचेगी और प्रत्येक मार्ग से लोग तेरे पास आऐंगे इतनी अधिक संख्या में आऐंगे कि वे मार्ग जिन पर वे चलेंगे गहरे हो जाएंगे, ख़ुदा अपने पास से तेरी सहायता करेगा, तेरी सहायता वे लोग करेंगे जिनके हृदयों में हम स्वयं इल्क़ा करेंगे, किन्तु चाहिए कि तू ख़ुदा के बन्दों से जो तेरे पास आऐंगे दु:शीलता न करे और चाहिए कि तू उनका आधिक्य देख कर उनके भेंट करने से थक न जाए।

इस भविष्यवाणी पर आज पच्चीस वर्ष हो गए, जब यह बराहीन अहमदिया में प्रकाशित हुई थी और यह उस युग की भविष्यवाणी है जबकि मैं एक अज्ञात कोने में पड़ा था तथा उनमें से जो आज मेरे साथ हैं मुझे कोई भी नहीं जानता था तथा मैं उन लोगों में से नहीं था जिन की किसी प्रतिष्ठा के कारण संसार में चर्चा की जाती है। निष्कर्ष यह कि कुछ भी नहीं था और मैं लोगों में से मात्र एक सामान्य व्यक्ति था और मैं अज्ञात था और एक व्यक्ति भी मुझ से संबंध नहीं रखता था किन्तु कुछ एक-दो लोग जो मेरे खानदान से पूर्व से ही परिचय रखते थे। यह वह घटना है कि क़ादियान निवासियों में से कोई भी व्यक्ति इस के विपरीत साक्ष्य नहीं दे सकता। तत्पश्चात ख़ुदा तआला ने इस भविष्यवाणी को पूरा करने के लिए अपने बन्दों को मेरी ओर आकृष्ट किया और समूह के समूह क़ादियान में आए और आ रहे हैं तथा नक़द और वस्तुओं के रूप में हर प्रकार के उपहार लोगों ने इतनी प्रचुर मात्रा में दिए और दे रहे हैं जिन की मैं गणना नहीं कर सकता और यद्यपि कि मौलवियों की ओर से बाधाऐं डाली गईं, और उन्होंने एड़ी-चोटी का ज़ोर लगाया कि लोग न आऐं, यहां तक कि मक्का तक से भी फ़त्वे मंगवाए गए तथा लगभग दो सौ मौलवियों ने मुझ पर कुफ्र के फ़त्वे दिए वरना वध योग्य होने के भी फ़त्वे प्रकाशित किए गए परन्तु वे अपने समस्त प्रयासों में असफल रहे और परिणाम यह हुआ कि मेरी जमाअत पंजाब के समस्त शहरों तथा देहात में फैल गई और हिन्दुस्तान में भी अनेकों स्थानों में बीजारोपण हो गया वरन् यूरोप और अमरीका के कुछ अंग्रेज़ भी मुसलमान होकर इस जमाअत में सम्मिलित हुए तथा लोगों के समूह के समूह क़ादियान में आए कि यक्कों की अधिकता से कई स्थानों से क़ादियान की सड़क टूट गई। इस भविष्यवाणी पर ध्यानपूर्वक विचार करना चाहिए कि यदि यह भविष्यवाणी ख़ुदा की ओर से न होती तो यह विरोध का तूफान जो उठा था तथा समस्त पंजाब और हिन्दुस्तान के लोग मुझ से ऐसे बिगड़ गए थे कि मुझे पैरों के नीचे कुचलना चाहते थे अवश्य था कि वे लोग अपने अनथक प्रयासों में सफल हो जाते और मुझे तबाह कर देते, परन्तु वे सब के सब असफल रहे। मैं जानता हूँ कि उन का इतना कोलाहल करना तथा मुझे तबाह करने के भरसक प्रयत्न तथा यह उत्तेजित तूफान जो मेरे विरोध में पैदा हुआ, यह इसलिए नहीं था कि ख़ुदा ने मुझे तबाह करने का इरादा किया था वरना इसलिए था ताकि ख़ुदा तआला के निशान प्रकट हों और ताकि सामर्थ्यवान ख़ुदा जिसे कोई पराजित नहीं कर सकता, उन लोगों के मुक़ाबले पर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करे तथा अपनी शक्ति का चमत्कार प्रकट करे। अत: उसने ऐसा ही किया। कौन जानता था और किस के ज्ञान में यह बात थी कि जब मैं एक छोटे से बीज की भांति बोया गया, इस के बाद हज़ारों पैरों के नीचे कुचला गया तथा आंधियाँ चलीं, तूफान आए, विद्रोह का शोर एक बाढ़ के समान मेरे इस छोटे से बीज पर फिर गया। मैं फिर भी इन आघातों से बच जाऊँगा। अत: वह बीज ख़ुदा की कृपा से नष्ट नहीं हुआ वरना बढ़ा और फूला और आज वह एक बड़ा वृक्ष है जिसकी छाया के नीचे तीन लाख मनुष्य आराम कर रहे हैं। ये ख़ुदा के कार्य हैं, मानव शक्तियाँ जिनको समझने से असमर्थ हैं। वह किसी से पराजित नहीं हो सकता। हे लोगो! कभी तो ख़ुदा से शर्म करो! क्या इसका उदाहरण किसी झूठ घड़ने वाले के आचरणों में प्रस्तुत कर सकते हो? यदि यह कारोबार मनुष्य का होता तो कुछ भी आवश्यकता न थी कि तुम विरोध करते और मुझे मारने के लिए इतना कष्ट उठाते अपितु मुझे मारने के लिए ख़ुदा ही पर्याप्त था। जब देश में ताऊन फैली तो कई लोगों ने दावा करके कहा कि यह व्यक्ति ताऊन से मारा जाएगा परन्तु ख़ुदा की विचित्र क़ुदरत है कि वे सब लोग स्वयं ही ताऊन से तबाह हो गए तथा ख़ुदा ने मुझे सम्बोधित करके कहा कि मैं तेरी रक्षा करूँगा और ताऊन तेरे निकट नहीं आएगी अपितु मुझ से यह भी कहा कि मैं लोगों को यह कहूँ कि अग्नि से (ताऊन से) हमें मत डराओ। 'अग्नि हमारी ग़ुलाम अपितु ग़ुलामों की ग़ुलाम है'। तथा पुन: कहा कि मैं तेरे इस घी की रक्षा करूँगा और प्रत्येक जो इस चारदीवारी के अन्दर है वह ताऊन से बचा रहेगा। अत: ऐसा ही हुआ। इस क्षेत्र में सब को ज्ञात है कि ताऊन के आक्रमण से गाँव के गाँव नष्ट हो गए और हमारे आस पास प्रलय का नमूना रहा परन्तु ख़ुदा ने हमें सुरक्षित रखा।

(हक़ीक़तुल वह्यी, पृष्ठ 115 -118, रूहानी ख़ज़ायन, जिल्द 22, पृष्ठ 261)

☆ ☆ ☆

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ का दौरा जर्मनी, अगस्त 2017 ई. (भाग -5)

☆ जो यह कहता है कि इस्लाम ने एक पुरुष को महिला पर प्राथमिकता दी है, वह ग़लत कहता है, घर का खर्च चलाना बीवी बच्चों के खर्च का ख्याल रखना उन की जरूरतों का ख्याल रखना मर्द का काम है।

जब मर्द की यह ज़िम्मेदारी है कि वह अपनी पत्नी तथा बच्चों की सभी जरूरतों को पूरा करे, तो महिला को अपनी पहली प्राथमिकता घर की देखभाल और बच्चों के प्रशिक्षण की तरफ रखनी चाहिए।

यदि बच्चों को प्रशिक्षण देने की ज़िम्मेदारी एक महिला अदा करती है, तो कहां से यह परिणाम निकला कि उसे घर में रखते हुए, उसके अधिकार छीन लिए गए हैं।

अल्लाह तआला ने महिला की प्रकृति में यह रखा है कि वह बच्चों की देखभाल सबसे अच्छे रूप में करने में सक्षम है।
अगर महिला भी यह कहे कि मैंने अपने अधिकार का उपयोग करना है और घर से बाहर रहना है तो बच्चों को अधिकार कौन देगा?
अहमदी माताओं की पवित्र गोदें मुक्त पवित्र ख़ज़ाने हैं और ख़ाज़ाने रखने के स्थान हैं उनमें पलने वाले बच्चे पवित्र माल हैं और नेक प्रशिक्षण की वजह से अल्लाह तआला के पसंदीदा माल हैं अतः कौन, जो पवित्र माल बनाना और लेने की कोशिश नहीं करेगा अतः उठें और पवित्र माल से अपने ख़जाने भरती चली जाएं।

जलसा सालाना जर्मनी के दूसरे दिन सय्यदना हज़रत अमीरुल मौमिनीन अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का औरतों से सम्बोधन।

इस्लाम की शिक्षाएं शांति और सुरक्षा का साधन हैं। इस्लाम की शिक्षाएं बिना किसी संदेह मानव जाति के लिए शांति और सुरक्षा की ज़मानत हैं इन की शिक्षाएं ही सहानुभूति, प्रेम और मानवता पर आधारित हैं, और ये वही मूल्य हैं जिन पर जमाअत अहमदिया विश्वास रखती है कि इस्लाम किसी भी प्रकार के अन्याय और अत्याचार की हरगिज़ आज्ञा नहीं देता।

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि सभी इंसान समान हैं, न तो गोरे को काले पर कोई प्राथमिकता है और न ही काले को गोरे पर कोई प्राथमिकता है न ही अरब वाला अजम वाले पर कोई प्राथमिकता जताए और न अजम वाला अरब वालों पर कोई प्राथमिकता जताए। आपने सारे संसार के अधिकारों की जबरदस्त मशाल को जलाते हुए फरमाया कि सारे इंसान बराबर होते हैं और उन के अधिकार बराबर हैं। सभी इंसान समान हैं और उनके पास समान अधिकार हैं।

अल्लाह तआला ने दुनिया के सभी देशों में रसूल भेजे हैं और मुसलमानों को नबियों का सम्मान करने का आदेश दिया है। यही कारण है कि हम सभी धर्मों की संस्थापकों को बहुत ही सम्मान जनक तरीके से देखते हैं और किसी के ख़िलाफ कोई बात करने की सोच भी नहीं सकते।

कुरआन करीम नफरत की एक क्रम को समाप्त करने के लिए जो आख़िर दुश्मनी और अत्याचार पर आधारित होता है मुसलमानों से कहता है कि वे धैर्य दिखाएं और प्रत्येक समय उच्च आचरण का प्रदर्शन करें।

जब तक दुनिया की प्राथमिकता भौतिक संपत्ति और शक्ति होगी हम दुनिया में सच्ची शांति कभी नहीं देख सकते ।
बेशक यही वह लालच है जो अपने लाभ के लिए दूसरों के अधिकारों को छीनने की तरफ प्रेरित करती है जिस से फिर उपद्रव पैदा होता है जो सारी दुनिया में फैलता है।

जर्मन मेहमानों से सय्यदना हज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला का ख़िताब।

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

26 अगस्त 2017 (दिनांक रविवार)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह 5:30 बजे मर्दाना जलसा गाह में नमाज़ फज्र पढ़ाई। नमाज़ के अदा करने के बाद, हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपने निवास में आए। सुबह हूज़ूर अनवर ने, डाक देखी और विभिन्न प्रकार के दफतर के मामलों को देखा।

आज कार्यक्रम के अनुसार लजना जलसा गाह में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का लजना के सम्मेलन को ख़िताब था। आज लजना के जलसा गाह में सुबह के जलसा का आरम्भ 10 बजे हज़रत बेगम साहिबा की अध्यक्षता में हुआ जो दोपहर 11: 30 बजे तक जारी रहा। इस सत्र में तिलावत कुरआन, उसका उर्दू अनुवाद और उर्दू नज़्म और अरबी क़सीदा के अलावा तीन भाषण हुए।

कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ लजना जलसा गाह में तशरीफ़ लाए। नाज़िमा आला तथा नेश्नल सदर लजना इमा अल्लाह जर्मनी ने अपनी उप नाज़मात के साथ हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का स्वागत किया और महिलाओं ने जोश से नारे बुलंद करते हुए अपने प्यारे आक़ा का स्वागत किया। लजना के इस इज्साल का आरम्भ कुरआन करीम की तिलावत से हुआ जो अज़ीज़ा दुर्रेअजम हियूबश साहिबा ने की और इसका उर्दू अनुवाद फोज़िया बुश्रा साहिबा ने पेश किया। इसके बाद अज़ीज़ा अनीकह शाकिर बाजवा साहिबा ने हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि अल्लाह अन्हों की नज़म

अहदे शिकनी न करो अहले वफा हो जाओ

पृष्ठ 7 पर शेष

ख़ुत्बः जुमअः

अल्लाह तआला ने जिस प्रकार और जिस स्तर के इंसाफ और न्याय को स्थापित करने के लिए मुसलमानों को हिदायत फरमाई है किसी अन्य धार्मिक किताब में ये स्तर मौजूद नहीं है। लेकिन दुर्भाग्य से, इस समय प्रत्येक स्तर पर मुसलमानों में ही एक ऐसा बड़ा वर्ग है, लीडरों में भी और उल्मा में भी जो इंसाफ और न्याय की मांगों को पूरा नहीं करते हैं। इसी तरह, घरों में सामान्य मुसलमानों में सामान्य मामलों के आम मामलों में आम तौर पर इंसाफ और न्याय की गुणवत्ता देखने में नहीं आती है जो ख़ुदा तआला ने स्थापित फरमाई हैं, जो एक मोमिन से अपेक्षित है। घरेलू मामलों में मतभेद हैं तो इस के लिए पुरुषों की तरफ से महिलाओं की तरफ से भी, कई बार ग़लत घटनाओं के साथ अदालतों में मुदकमें किए जााते हैं। झूठी गवाहियां पेश की जाती हैं। नाजायज़ अधिकार लेने के लिए या किसी का हक मारने के लिए झूठ और ग़लत बोलने से काम लिया जाता है। अत: कि बहुत बड़ी संख्या ऐसी है जो अपना हक लेने या यह समझते हुए कि मेरा हक है और दूसरों का हक मारने के लिए सच्चाई से काम नहीं लेती।

आज कल समाज में कई समस्याएं इस लिए हैं कि इंसाफ और न्याय की गुणवत्ता इस स्तर की नहीं है जो अल्लाह तआला चाहता है। आपकी बात को तोड़ कर पेश करना सामान्य है अफ़सोस इस बात का होता है कि कभी कभी हम में से भी कुछ लोग दुनियादारी और परिवेश के प्रभाव में बावजूद हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत में आने के ऐसी बातें कर जाते हैं जो तथ्यों से दूर होती है।

कुछ जगह धार्मिक मतभेद होते हैं और इस वजह से दूसरे धर्मों वाले दुर्व्यवहार भी कर जाते हैं ऐसे हालात में एक मोमिन का यह काम नहीं है कि क़ौमों और अन्य धर्मों के लोगों के दुर्व्यवहार का बदला उसी तरह लें और न्याय की मांगें पूरी न करें।

आजकल मुसलमानों के अन्यायों के बारे में पश्चिमी देशों में बहुत कुछ कहा जाता है, जो लोग अपने धर्म वालों के साथ न्याय नहीं करते हैं वे ग़ैरों से क्या न्याय करेंगे। यह एक बड़ी त्रासदी है, और मुसलमान ही अपनी हरकतों के कारण इस्लाम को बदनाम कर रहे हैं।

अत: हमने अगर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत के अहद को पूरा करना है और आप के मिशन को पूरा करना है और इस्लाम के संदेश को दुनिया तक पहुंचाना है और तब्लीग़ का हक अदा करना है तो फिर इसी नियम के अनुसार सभी को उच्च नैतिकता को अपनाना होगा जो इस्लाम की शिक्षा है, जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उपदेश फरमाए हैं, जिनके बारे में हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फरमाया है कि यह करो। अगर हमारी गवाहियाँ हक और न्याय के अनुसार नहीं हैं, यदि हमारे घरेलू और सामाजिक संबंध आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरादों के अनुसार नहीं हैं, तो हमारे दिल दुश्मनों के लिए भी द्वेष और हसद से पवित्र नहीं हैं, तो फिऱ हमारी तब्लीग़ वास्तविक तब्लीग़ नहीं होगी।

अल्लाह तआला करे कि हम अल्लाह तआला के आदेशों पर चलते हुए अपनी ज़िन्दगियों को ढालने वाले हों और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत के हक को पूरा करने वाले हों और आप की बैअत का हक़ अदा करने वाले हों हम दूसरों के लिए मार्गदर्शन और न्याय का एक नमूना बनने वाले हूं।

आदरणीय हसन मुहम्मद ख़ान आरिफ, पूर्व उप वकीलुल-तबशीर की कैनेडा में वफात मरहूम का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 10 नवम्बर 2017 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ ۔

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُوْنُوْا قَوّٰمِيْنَ بِالْقِسْطِ شُهَدَآءَ لِلّٰهِ وَ لَوْ عَلٰٓى اَنْفُسِكُمْ اَوِ الْوَالِدَيْنِ وَ الْاَقْرَبِيْنَ ۚ اِنْ يَّكُنْ غَنِيًّا اَوْ فَقِيْرًا فَاللّٰهُ اَوْلٰى بِهِمَا ۫ فَلَا تَتَّبِعُوا الْهَوٰٓى اَنْ تَعْدِلُوْا ۚ وَ اِنْ تَلْوٗٓا اَوْ تُعْرِضُوْا فَاِنَّ اللّٰهَ كَانَ بِمَا تَعْمَلُوْنَ خَبِيْرًا (अन्निसा: 136)

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُوْنُوْا قَوّٰمِيْنَ لِلّٰهِ شُهَدَآءَ بِالْقِسْطِ ۫ وَلَا يَجْرِمَنَّكُمْ شَنَاٰنُ قَوْمٍ عَلٰٓى اَلَّا تَعْدِلُوْا ؕ اِعْدِلُوْا ۫ هُوَ اَقْرَبُ لِلتَّقْوٰى ۫ وَ اتَّقُوا اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ خَبِيْرٌۢ بِمَا تَعْمَلُوْنَ (अल्माइद: 9)

وَ مِمَّنْ خَلَقْنَآ اُمَّةٌ يَّهْدُوْنَ بِالْحَقِّ وَ بِهٖ يَعْدِلُوْنَ (अल्आराफ: 182)

अल्लाह तआला ने जिस प्रकार और जिस स्तर के इंसाफ और न्याय को स्थापित करने के लिए मुसलमानों को हिदायत फरमाई है किसी अन्य धार्मिक किताब में ये स्तर मौजूद नहीं है। लेकिन दुर्भाग्य से, इस समय प्रत्येक स्तर पर मुसलमानों में ही एक ऐसा बड़ा वर्ग हैं, लीडरों में भी और उल्मा में भी जो इंसाफ और न्याय की मांगों को पूरा नहीं करते हैं। इसी तरह, घरों में सामान्य मुसलमानों में सामान्य मामलों के आम मामलों में आम तौर पर इंसाफ और न्याय की गुणवत्ता देखने में नहीं आती है जो ख़ुदा तआला ने स्थापित फरमाई हैं, जो एक मोमिन से अपेक्षित है। घरेलू मामलों में मतभेद हैं तो इस के लिए पुरुषों की तरफ से महिलाओं की तरफ से भी, कई बार ग़लत घटनाओं के साथ अदालतों में मुदकमें किए जााते हैं। झूठी गवाहियां पेश की जाती हैं। नाजायज़ अधिकार लेने के लिए या किसी का हक मारने के लिए झूठ और ग़लत बोलने से काम लिया जाता है। अत: कि बहुत बड़ी संख्या ऐसी है जो अपना हक लेने या यह समझते हुए कि मेरा हक है और दूसरों का हक मारने के लिए सच्चाई से काम नहीं लेते। झूठ बोलते हैं और अदालत को भी धोखे में रखते हैं। कुछ स्थान पर इंसाफ करने वाले ग़लत फैसले अपने व्यक्यिगत स्वार्थों के लिए कर लेते हैं मानो कि निज़ाम ही बिगड़ गया है। तो बहरहाल इस बे इंसाफी से समाज में बुराइयां फैलती चली जाती हैं।

फिर राष्ट्रीय स्तर पर हुकमरान न्याय की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते, न ही अपनी प्रजा के लिए इंसाफ की मांग पूरी की जा रही होती है न हीं देशों के बीच के संबंधों में भी न्याय की मांग पूरी की जा रही होती है।

उलेमा हैं तो उन्होंने धर्म को अपने व्यक्तिगत हितों को पाने का माध्यम बना लिया है और दावा मुसलमानों का यह है कि हम ख़ैरे उम्मुत हैं और इस्लाम ही दुनिया की समस्याओं का उचित समाधान प्रस्तुत करता है। निश्चित रूप से मुसलमान ख़ैरे उम्मुत हैं, यदि वे अल्लाह तआला के आदेशों का पालन करते हैं और कुरआन की शिक्षाओं का पालन करे। वास्तव में, इस्लाम ही दुनिया की सभी समस्याओं का समाधान प्रदान करता है, शर्त यह है कि इसकी शिक्षा के अनुसार न्याय स्थापित

किया जाए।

ये आयतें जो मैं ने तिलावत की हैं ये तीन अलग-अलग सूरतों की हैं। अन्निसा की, अलमयाद: की और अल्आराफ की।

पहली आयत जो अन्निसा की है इसका अनुवाद यह है कि हे वे लोगो जो ईमान लाए हो अल्लाह तआला के लिए गवाह बनते हुए न्याय को मज़बूती से स्थापित करने वाले बन जाओ चाहे ख़ुद अपने ख़िलाफ गवाही देनी पड़े या माता पिता और क़रीबी रिश्तेदारों के ख़िलाफ। चाहे अगर एक अमीर हो या ग़रीब अल्लाह तआला ही सबसे अच्छा निगरान है इसलिए अपनी इच्छाओं का पालन न करो, और न्याय से न हटो। अगर तुम ने गोल मोल बात की या सच्चाई से हट गए, तो निश्चित रूप से अल्लाह जो तुम करते हो इस के बारे में बहुत कुछ जानता है।

तो यह वह आदेश है न्याय की गुणवत्ता स्थापित करने का। निजी घरेलू मामलों में और सामाजिक मामलों में भी, कि जैसी भी अवस्था हो जाए इंसाफ और न्याय पर हमेशा स्थापित होना चाहिए। मोमिनों को यह आदेश है कि अल्लाह तआला के लिए और अल्लाह तआला की आज्ञाओं के अनुसार मोमिन की गवाही होनी चाहिए और यह तभी हो सकता है जब अल्लाह तआला पर पूर्ण विश्वास हो। ईमान की गुणवत्ता अत्यंत उच्च स्तर की और मज़बूत हो। इस बात पर इंसान स्थापित हो कि जो भी मुझ पर स्थिति हो मैंने न्याय पर मज़बूती से स्थापित होना है और यह मजबूती तभी पैदा होती है या उसकी मजबूती का तभी पता लगेगा जब इंसान अपने ख़िलाफ भी गवाही देने के लिए तैयार हो। अपनी पत्नी को बच्चों के ख़िलाफ भी गवाही देने के लिए तैयार हो यदि आवश्यक हो तो अपने माता-पिता के ख़िलाफ गवाही देने के लिए तैयार हो। निकटवर्ती रिश्तेदारों के ख़िलाफ गवाही देने के लिए तैयार हो। फरमाया कि इच्छाओं का अनुकरण इंसाफ से दूर करता है यदि अपनी इच्छाओं का पालन करने लग गए तो इंसाफ और न्याय से दूर हो जाओगे।

आज कल समाज में कई समस्याएं इस लिए हैं कि इंसाफ और न्याय की गुणवत्ता इस स्तर की नहीं है जो अल्लाह तआला चाहता है। आपकी बात को तोड़ कर पेश करना सामान्य है अफ़सोस इस बात का होता है कि कभी कभी हम में से भी कुछ लोग दुनियादारी और परिवेश के प्रभाव में बावजूद हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत में आने के ऐसी बातें कर जाते हैं जो तथ्यों से दूर होती है। अल्लाह तआला तो फरमाता है कि चाहे व्यक्तिगत या अपने माता-पिता का नुकसान भी हो तो भी कभी ऐसी बात न करो जो गोलमोल हो या किसी तरह भी यह धारणा पैदा हो कि तथ्यों को छिपाने की कोशिश की गई है। सच्ची गवाही देने से बचने की कोशिश की गई है। ये बातें हम रोज़ के मामलों में देखते हैं। उदाहरण के लिए, पति पत्नी के मामले हैं, कज़ा में कई मामले इस प्रकार के आते हैं जहां सच्चाई से काम नहीं लिया जाता। लेन-देन में मामले हैं, हम यह भी देखते हैं कि तथ्यों को वहां छिपाया जाता है। कुछ धर्म का ज्ञान रखने वाले और ज़ाहिरी तौर पर सेवा में आगे रहने वाले भी ऐसी हरकतें कर जाते हैं कि व्यक्ति परेशान हो जाता है कि ऐसे लोग भी इस तरह की बातें कर सकते हैं, जो ज़ाहिरी तौर पर बड़े विद्वान और धर्म का ज्ञान रखने वाले हैं और उनका अच्छा प्रभाव भी स्थापित है अल्लाह तआला तो फरमाता है कि अपने ख़िलाफ, अपने माता-पिता के ख़िलाफ, अपनी निकटवर्ती रक्त सबंधों के ख़िलाफ भी हक को न छुपाओ। हक को बहरहाल प्रकट करो। ये लोग सिर्फ दोस्तियां निभाने के लिए या अपने स्वार्थों के लिए हक का छुपाते हैं. या सच्ची गवाही देने से बचते हैं। और अगर सच्चाई स्पष्ट हो जाए तो अपनी बात के समर्थन के लिए उन्होंने तैय्यारी भी ख़ूब की होती है कि किस प्रकार इस से बचना होता है और क्या दलीलें देनी होती हैं।

लेकिन हमेशा याद रखना कि अल्लाह तआला फरमाता है कि जो कुछ भी तुम करते हो उसे अल्लाह तआला सबसे अच्छा जानता है। वह अच्छी तरह जानता है। अल्लाह तआला को धोखा नहीं किया जा सकता है। अल्लाह तआला फरमाता है इस दुनिया के लाभों को तुम प्राप्त कर सकते हो लेकिन अल्लाह तआला की पकड़ से यहां बच भी गए तो अगले जहान में पकड़े जाओगे। हमारे सारे कर्मों की ख़बर रखने वाला ख़ुदा वे सारे कर्म सामने रख देगा जिस में वह जिसमें वह सारी बातें होंगी।

जिस इमाम को हम ने स्वीकार किया है इस ने तो इस कुरआन के आदेश के अनुसरण में ऐसे उदाहरण दिए हैं, जो ग़ैरों को भी आश्चर्यचकित करता है। अत: हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के दावे से बहुत पहले जवानी के ज़माने की एक घटना रिवायतों में आती है कि एक बार अपने पिता के मज़ारेईन के ख़िलाफ एक मुकदमा में आप ने सत्य और न्याय की मांग को पूरा करते हुए सच्ची बात को जिस का लाभ मज़ारईन को हुआ और उन के पिता को हानि और नुकसान हुआ था। आपके वकील ने आपको पहले बताया कि जिस तरह से मैं कहता हूं, अगर ऐसी गवाही नहीं दी गई तो हानि होगी। आपने फरमाया जो भी हो जो हक बात है मैं तो वही बात बताऊंगा। तो बहरहाल जज ने मज़ारेईन के हक में डिग्री दे दी और देखने वाले बताते हैं कि मुकदमा हारने के बाद, जब आप के ख़िलाफ फैसला हो गया और आप अदालत से वापस हुए तो इस तरह आपका ख़ुश वापस लौट रहे थे कि वे लोग जिन्हें इस निर्णय का पता नहीं था, वे समझे कि शायद आप मुकदमा जीत कर वापस आ रह हैं।

(उद्धरित तारीख़े अहमदियत, पृष्ठ 72 से 73. आइना कमालाते इसालाम, रूहानी ख़ज़ायन जिल्द 5 पृष्ठ 2 9 8)

आँ हज़रत आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के जिस सच्चे गुलाम को हम ने स्वीकार किया है उसका नमूना तो यह है और इस नमूने को सामने रखते हुए हमें हर मामले में अपनी गवाहियों की समीक्षा करनी चाहिए।

इसी तरह, एक और उदाहरण यह है कि इन देशों में, पश्चिमी देशों में कई लोग हैं जो अपनी आय को कम बता कर या सरकार से कुछ विशेषाधिकार प्राप्त करने की कोशिश करते हैं। लेकिन अब दुनिया की आर्थिक स्थिति बदतर हुई है, सरकारों ने इन विकसित देशों की गहरी समीक्षा करना शुरू कर दी है, और जहां भी उन्हें संदेह होता तुरंत तहकीक करने लगते हैं। इसलिए अहमदियों को अपनी और जमाअत को बदनामी से बचाने के लिए और सबसे बढ़कर अल्लाह तआला की ख़ुशी पाने के लिए सांसारिक नुकसान सहन करना चाहिए और सच्चाई को नहीं छिपाना चाहिए। हमेशा सच्ची बात करनी चाहिए यदि इरादा नेक होगा अल्लाह तआला के लिए, गवाह बनते हुए न्याय को दृढ़ता से पकड़ंगे, और अपनी गवाहियों के स्तर को सच्चाई पर स्थापित करेंगे, तो अल्लाह तआला जो रब्ब है जो रज़्ज़ाक है वे ख़ुद ही सामान भी उपलब्ध कर देगा। ख़ुद ही रिज़्क में बरकत डाल देगा। इसलिए हमें अपनी समीक्षाओं को हर समय करना चाहिए। यदि हम न्याय के ऐसे मानक स्थापित करने की कोशिश नहीं करेंगे तो न घरों की शांति और स्थिरता स्थापित हो सकती है, न जहां हम रहते हैं, उस क्षेत्र और समाज की शांति और समृद्धि हो सकती है। इसका पालन न करने से जमाअत के लोगों के आपस के संबंधों में भी दूरियां पैदा होंगी।

आश्चर्य होता है कुछ लोग ग़लत बयानी और अन्याय में इस हद तक चले जाते हैं कि कुछ बच्चियों के माता-पिता ने मुझे शिकायत की कि हमारी लड़की का एक जगह अगर रिश्ता समाप्त हो गया तो उसके पिछले ससुराल वाले हर जगह जहां भी रिश्ते की बात चलती वहां पहुंचकर झूठ और गलत बात करते हैं और लड़की को बदनाम करते हैं। इसी तरह, कुछ लड़के भी मेरे पास आए जिन को लड़की के माता-पिता इस तरह से बदनाम करते हैं। उनके ख़िलाफ गवाही दे कर उनके रिश्ते तुड़वाए जा रहे हैं या उनमें विच्छेद कर ने की कोशिश की जा रही है। तो यह एक बहुत ख़तरनाक चीज़ है यह समाज की शांति और विनाश का मामला है। यह अल्लाह तआला के आदेशों से दूर हटने वाली बात है अल्लाह तआला ने तो हम पर उपकार किया है कि हमें ज़माने के इमाम को मानने की तौफीक प्रदान की। अल्लाह तआला ने भाई भाई बनाने का प्रबंधन किया है और हम अपने कुछ निजी हितों के लिए या अपने अंहकारों की सन्तुष्टि के लिए या दिलों में कुछ द्वेष रखते हुए एक दूसरे से बदले लेने की कोशिश करते हैं और बदला लेने के लिए इस हद तक चले जाते हैं। कि ख़ुदा तआला के भय का भी दिलों से निकाल देते हैं। अगर किसी के विचार में इस पर अत्याचार हुआ भी है तो तो अब मामला हल हो जाने के बाद। ख़त्म हो जाने के बाद अत्याचार करने वाले से अलग हो जाएं। अल्लाह तआला तो मामला की ख़बर रखने वाला है इस पर मामला छोड़ेंष इस बात में एक मोमिन का सौभाग्य भी यह है कि अल्लाह तआला पर मामला छोड़ दें।

फिर अपने समाज में इंसाफ और न्याय स्थापित करने के बाद, अल्लाह तआला ने मामिनों को यह भी आदेश दिया है कि अपने व्यक्तिगत सामाजिक और राष्ट्रीय मामलों में इंसाफ और न्याय के उच्च मानदंड स्थापित करना तुम्हारी ज़िम्मेदारी है, और अन्य क़ौमों से भी कि इंसाफ और न्याय का व्यवहार करते हुए इस के उच्च स्तर स्थापित करो। यदि दुश्मनों के साथ भी तुम ने इंसाफ और न्याय के स्तर स्थापित नहीं किए तो तुम तक्वा पर चलने वाले नहीं हो। अत: सूरह माइद: की आयत 9 है जो मैं ने तिलावत की है इस का अनुवाद यह है कि अल्लाह तआला फरमाता है कि ऐ वे लोगो जो ईमान लाए हो अल्लाह तआला के लिए मज़बूती से निगरानी करते हुए इंसाफ के पक्ष में गवाह बन जाओ और किसी क़ौम की दुश्मनी तुम्हें कभी इस बात पर आमादा न करे कि तुम न्याय न करो। न्याय करो, यह तक्वा के सब से क़रीब है और अल्लाह तआला से डरो। निस्संदेह अल्लाह तआला इस बात को

हमेशा जानता है तो तुम करते हो।

कुछ जगह धार्मिक मतभेद होते हैं और इस वजह से दूसरे धर्मों वालों से दुर्व्यवहार भी कर जाते हैं तो ऐसे हालात में एक मोमिन का यह काम नहीं है कि क़ौमों और अन्य धर्मों के लोगों के दुर्व्यवहार का बदला उसी तरह ले और न्याय की मांगें पूरी न करें। इस बारे में हज़रत ख़लीफतुल मसीह अव्वल ने एक बार दर्स में उल्लेख किया कि जैसे उस ज़माने में आर्य लोग मुसलमानों को नौकरियों में तंग करते थे, निकाल देते थे कि अगर वे ऐसा करें भी तो मुसलमान का काम नहीं है कि उनसे बदले ले। हम तभी इस आदेश का अनुसरण कर सकते हैं।

(उद्धिरत हकायकुल फुरकान जिल्द 2 पेज 85 तफसीर सुरह अलमाइद: आयत 9)

मोमिन का यह काम कभी नहीं है कि न्याय स्थापित न हो। मोमिन का कर्तव्य है कि वह न्याय स्थापित करे और तक्वा से काम ले और अपना मामला ख़ुदा तआला पर छोड़े, जो सब बातों से अवगत है। यह एक वास्तविक मोमिन का कार्य है कि वह अल्लाह तआला के आदेश को दृढ़ता से स्थापित करे और उस पर स्थापित हो और इस में कण मात्र भी लापरवाही न करे। यह सच्चे मुसलमान की निशानी है। इंसाफ के पक्ष में गवाह बनने का अर्थ ही यह है कि इस्लामी शिक्षा पर ऐसे अनुकरण करो इस तरह से पैरवी करो कि तुम्हारा अनुकरण या व्यावहारिक रूप से लोगों के लिए, अन्य धर्मों के लिए, समाज के लिए एक उदाहरण बन जाए। अन्य क़ौमों के लिए एक उदाहरण बनें। आजकल मुसलमानों के अन्यायों के बारे में पश्चिमी देशों में बहुत कुछ कहा जाता है, जो लोग अपने धर्म वालों के साथ न्याय नहीं करते हैं वे ग़ैरों से क्या न्याय करेंगे। यह एक बड़ी त्रासदी है, और मुसलमान ही अपनी हरकतों के कारण इस्लाम को बदनाम कर रहे हैं। शासकों जनता के लिए सही हैं लोग सरकार से लड़ रहे हैं, सरकारों से लड़ रहे हैं आबादी की आबादी क्रूरता को शिकार हो रही है और तबाह हो रही है तथा कथित इस्लाम के गिरोह अपने लोगों को भी मार रहे हैं और दूसरे देशों में भी हमारे लोगों को मार रहे हैं इस लिए हम भी अपना हक प्रयोग कर हैं। हांलांकि मुसलमानों को भी मुसलमान मार रहे हैं। हां दूसरों से मदद ज़रूर ले रहे हैं।

अब पिछले दिनों एक नई योजना इन चरमपंथियों के समूह की सामने आई है जो यहाँ विभिन्न शहरों में, देशों में समय समय पर हमले करते रहते हैं कि अब यूरोप में हम बच्चों पर हमले करेंगे और माता-पिता के सामने उनके बच्चों को मारेंगे क्योंकि इन पश्चिमी देशों के बमों के बौछार करके हमारे बच्चों पर बमबारी की, हमारे गांवों को नष्ट कर दिया। हालांकि यह बमबारी भी तो मुस्लिम शासकों के कहने पर की गई है। हालांकि यह क़ौमों की दुश्मनी फिर और अधिक दुश्मनियों के बच्चे पैदा करती चली जाती है और यह क्रम कभी समाप्त नहीं होता है इसलिए अल्लाह तआला ने फरमाया कि किसी क़ौम की दुश्मनी भी तुम्हें इस हद तक जाने के लिए मजबूर न करे कि तुम न्याय की मांग को पूरी न करो। न्याय की मांग बहरहाल तुम ने पूरी करनी हैं और इसी वजह से अत्याचार बढ़ रहा है कि न्याय की माग पूरी नहीं होतीं और जो ग़ैर मुस्लिम हमारे ख़िलाफ हैं वे भी इसलिए कि मुसलमानों का व्यावहारिक नमूने इस्लामी शिक्षा के ख़िलाफ हैं। चाहिए तो यह था कि मुसलमान अपने नमूना दिखाते हुए इस्लाम की सुंदर शिक्षा को दुनिया को बताते हुए इस्लाम की तब्लीग़ करते लेकिन यहाँ तो हिसाब ही उल्टा है और मुस्लिम देशों में जुल्मों के अलावा तो कुछ देखने में नहीं आता। इस्लाम के समर्थन में गवाही केवल इस्लाम की शिक्षा की सुंदरता वर्णन करके ही दी जा सकती है। कुरआन करीम का कितना ख़ूबसूरत आदेश है कि किसी भी क़ौम की दुश्मनी तुम्हें इस बात पर आग्रह न करे कि तुम न्याय न करो। यह आदेश किसी अन्य धार्मिक पुस्तक में नहीं दिया गया। न्याय स्थापित करने के लिए कोई भेदभाव नहीं है। न्याय प्राप्त करने का अधिकार मुस्लिम और ग़ैर-मुसलमान दोनों के लिए बराबर है। बल्कि, दुश्मनों से व्यवहार में न्याय की आवश्यकताएं पूरी करनी हैं। इस पर बहुत ध्यान देना है यह किस प्रकार की सुन्दर शिक्षा है? लेकिन अफसोस है कि इस शिक्षा के बावजूद, मुसलमानों के कर्म ने ग़ैर मुस्लिम दुनिया में इस्लाम को बदनाम कर दिया है। आम मुसलमान, शासक, उल्मा सब ये हरकतें कर रहे हैं और उनकी यह हरकतें हम पर यह ज़िम्मेदारी डालती हैं कि अपने व्यावहारिक नमूनों से दुनिया को बताएं कि इस्लाम कितनी इंसाफ और न्याय की शिक्षा देता है जिसकी वजह से दुनिया में शांति और एक सुरक्षा हो सकती है आँ हज़रत आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने किस बारीकी से सहाबा से पालन करवाया इसके कुछ उदाहरण देता हूँ।

एक बार आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ख़बर लाने के लिए कुछ सहाबा को मक्का में भेज दिया, ताकि उसे सूचित किया जा सके। मुसलमानों की उस समय परिस्थितियां बहुत ख़तरनाक थीं। हर समय दुश्मनों के हमलों और उन्हें नुकसान पहुंचाने के प्रयास रहते थे। ऐसे मामलों में जब सहाबा ख़बर लाने के लिए गए थे, तो उन्होंने कुछ पुरुष हरम की सीमा में मिले। दुश्मनों के आदमी थे। उन मुसलमानों ने सोचा कि उन्होंने हमें देख लिया है इसलिए अगर अब हम ने उन्हें जीवित छोड़ दिया तो यह मक्का वालों को ख़बर कर देंगे और वे हम पर हमला कर देंगे और हमें मार देंगे। इस विचार के साथ सहाबा ने हमला कर के उन काफिरों में से एक या दो को मार दिया। जब ये सहाबा वापस मदीना पहुंचे तो पीछे से मक्का वाले आदमी भी आ गए कि इस तरह आप के लोगों ने हमारे दो आदमी मार दिए हैं और उन्होंने हरम के अंदर मारे हैं। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन की बात सुन कर यह नहीं फरमाया कि तुम लोग भी ज़ुल्म करते हो। अब तुम्हारे साथ यह व्यवहार किया गया है तो तुम लोग क्यों इतना चिल्ला रहे हो इसके बजाए, आपने जो तत्काल कार्रवाई की और उन्हें जवाब दिया था कि तुम्हारे साथ ग़लत हुआ है और तुम्हारे साथ न्याय किया जाऐगा। यह संभव है कि हरम होने के कारण काफिरों ने पूरी तरह से बचाव करने की कोशिश नहीं की। इसलिए आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि अरबों के नियमों के अनुसार दोनों मृतकों का ख़ून का बदला दिया जाएगा और यह आप ने अदा किया और साथ ही सहाबा की भी बड़ी सरज़निश कि तुम ने यह क्या ग़लत काम किया।

(शरह ज़रकानी अला मवाहेबुर्रेहमानी जिल्द 2 पृष्ठ 238 से 241 सिरया अमीरुल मोमिनीन अब्दुल्लाह बिन हजश प्रकाशक दारुल कुतुब अलइल्मिया बैरूत 1996 ई)

इसी तरह एक घटना मिलती है कि एक युद्ध में ग़लती से एक महिला सहाबा के हाथों कत्ल हो गई। आप को इस का ज्ञान हुआ तो आप सहाबा पर बहुत नाराज़ हुए। और एक रिवायत में आता है कि आप के चेहरा पर ग़ुस्सा के इतने चिन्ह थे कि इस से पहले कभी नहीं देखे गए थे। सहाबा ने कहा कि महिला ग़लती से मारी गई। लेकिन ग़लती से मारे जाने के बावजूद आपको बड़ी कठिन तकलीफ पहुंची कि न्याय स्थापित नहीं किया गया।

(सही अलबुख़ारी किताबुल जिहाद और वलयसर कत्ल सबियान फिल हरब 3014)

फिर न्याय की स्थापना करते हुए एक यहूदी और एक मुसलमान के मामले का कैसे आप ने फैसला फरमाया। रिवायत में आता है कि एक यहूदी का एक सहाबी के ज़िम्मे चार दिरहम कर्ज़ था। जिस की समय सीमा समाप्त हो गई। उस यहूदी ने आकर आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से आकर शिकायत की कि इस आदमी के ज़िम्मे मेरा चार दिरहम कर्ज़ है। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उस सहाबी को बुलाया जिन का नाम अब्दुल्लाह था और उन्हें कहा कि इस यहूदी का हक दे दो। हज़रत अब्दुल्लाह ने कहा कि उस हस्ती की कसम जिस ने आप को सच्चाई के साथ भेजा है मुझे कर्ज़ अदा करने की ताकत नहीं है आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने दोबारा उन्हें कहा कि इस आदमी का कर्ज़ अदा कर दो। अब्दुल्लाह ने फिर वही कहा और कहा कि मैंने इसे कह दिया है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हमें ख़ैबर भेजेंगे और माल ग़नीमत में से कुछ हिस्सा देंगे और वापस आकर मैं आप का कर्ज़ अदा कर दूंगा। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि इस का हक अदा करो। नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जब कोई बात तीन बार फरमा देते थे तो वह सम्पूर्ण फैसला समझा जाता था अत: अब्दुल्लाह उसी समय बाज़ार में गए। उन्होंने एक चादर तह बन्द के रूप में पहनी हुई थी और सिर का कपड़ा भी था। सिर का कपड़ा उतार कर उन्होंने तह बन्द के स्थान पर बांध लिया था। और चादर चार दिरहम में बेच कर कर्ज़ अदा कर दिया।

(मुस्नद अहमद बिन हंबल जिल्द 5 पृष्ठ 336 हदीस 15570 मुसनद इब्ने अबी हदरद सलमा मुद्रित आलेमुल कुतुब बैरूत 1998 ई) तो यह आप के स्तर थे जो आप ने स्थापित फरमा दिए। यहूदी को नहीं फरमाया कि उस ने जब छूट मांगी तो वह छूट दे। बल्कि अपने सहाबी को शीघ्र कहा कि इस का कर्ज़ अदा करो और इस के लिए उन्हें अपने जिस्म के कपड़े भी उतार कर बेचने पड़े।

तो यह गुणवत्ता हैं इंसाफ और न्याय की और यही गुणवत्ता है जो हम हर स्तर पर स्थापित रखेंगे तो इस ज़माने में आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे ग़ुलाम के मानने वालों में शामिल होंगे। और वह उद्देश्य जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के प्रादुर्भव का है उसे पूरा करने वाले होंगे। आप इस्लाम की शिक्षाओं को फैलाने और दुनिया को दिखाने के लिए भेजे गए थे ताकि लोग अधिक से अधिक आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के झण्डे के तले जमा हों। और यह काम उसी समय किया जा सकता है जब हम सच्चाई के साथ दुनिया को हिदायत करें, वहां हक के साथ अपनी इस शिक्षा के साथ न्याय स्थापित करें। अत: सूरह अल्आराफ की जो आयत मैंने तिलावत की है इस में अल्लाह तआला

ने इस बात का आदेश दिया है इस का अनुवाद यह है कि जिन्हें हम ने पैदा किया है उन में से ऐसे लोग भी हैं जो हक से साथ लोगों को हिदायत देते थे और इसी के माध्यम से इंसाफ करते थे।

हिदायत देने वाले हमेशा रहे हैं जो हक और इंसाफ की बात करते हुए हिदायत दे रहे हैं। और आज भी ऐसे लोग कामयाब होंगे जो हक के साथ हिदायत देने वाले हैं और इंसाफ करने वाले हैं। जब इंसान ख़ुद हिदायत पर स्थापित न हो तो दूसरों को क्या हिदायत देगा। जब तक ख़ुद इंसान न्याय पर स्थापित न हों तो दूसरों को क्या न्याय दे सकेगा।

अत: हमने अगर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत के अहद को पूरा करना है और आप के मिशन को पूरा करना है और इस्लाम के संदेश को दुनिया तक पहुंचाना है और तब्लीग़ का हक अदा करना है तो फिर इसी नियम के अनुसार सारी उच्च नैतिकता को अपनाना होगा जो इस्लाम की शिक्षा है, जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उपदेश फरमाए हैं, जिनके बारे में हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फरमाया है कि यह करो। अगर हमारी गवाहियाँ हक और न्याय के अनुसार नहीं हैं, यदि हमारे घरेलू और सामाजिक संबंध आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरादों के अनुसार नहीं हैं, तो हमारे दिल दुश्मनों के लिए भी द्वेष और हसद से पवित्र नहीं हैं, तो फिऱ हमारी तब्लीग़ वास्तविक तब्लीग़ नहीं होगी। हमारी परिस्थितियों और हमारे न्याय के मानकों को देखकर ग़ैर हमें कहेंगे कि पहले ख़ुद तो हिदायत का पालन करो। सबसे ख़ुद तो न्याय को अपने परिवेश में लागू करो और फिर हमें कहना। अत: बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, जो हर अहमदी की है कि अपने कर्म से तब्लीग़ के रास्ते खोलें जो तब्लीग़ के रास्ते हमारे कर्मं से खुलेंगे, जो लोग इस्लाम से हमारी कर्म को देखते हुए परिचय प्राप्त करेंगे वह इस्लाम के गुणों से परिचय प्राप्त किए बिना रह नहीं सकेंगे।

अल्लाह तआला करे कि हम अल्लाह तआला के आदेशों पर चलते हुए अपनी ज़िन्दगियों को ढालने वाले हों और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत के हक को पूरा करने वाले हों और हम दूसरों के लिए मार्गदर्शन और न्याय का नमूना बनने वाले हों।

नमाज़ के बाद मैं एक नमाज़े जनाज़ा ग़ायब भी पढ़ाऊंगा जो आदरणीय हसन मुहम्मद ख़ान आरिफ साहिब की है, जो आदरणीय फज़ल मुहम्मद ख़ान साहिब शिमलवी के पुत्र थे। हसन मुहम्मद ख़ान आरिफ, पूर्व उप वकीलुत्तबशीर रब्वा थे और अहमदिया गैज़ेट कनाडा के संपादक भी थे। 3 नवम्बर को 97 साल की आयु में उन का निधन हो गया। इन्ना लिल्लाह व इन्ना इलैहि राजेऊन। अल्लाह तआला की कृपा से मूसी थे। हसन मुहम्मद ख़ान आरिफ 26 फ़रवरी 1920 ई जालन्धर में पैदा हुए थे। उनके पिता फज़ल मुहम्मद खान शिमलवी ने 1915 में हज़रत ख़लीफतुल मसीह सानी के दस्ते मुबारक पर बैअत की सआदत पाई थी। हसन मुहम्मद ख़ान के पिता 35 वर्षों तक सरकारी विभागों में काम करते रहे और उप सहायक वित्त सलाहकार के रूप में सेवानिवृत्त हुए। तब्लीग़ का बहुत शौक था। उस युग में भी दो ब्रिटिश इन के द्वारा मुसलमान हुए थे और इसके अलावा, दर्जनों लोगों को उनके द्वारा अहमदियत स्वीकार करने का सौभाग्य प्राप्त दुआ। उन्होंने बी.ए किया और एक लम्बे समय तक सरकारी नौकरी करते रहे। पहले सरकारी नौकरी कर रहे थे। फिर हज़रत मुस्लेह मौऊद के कहने पर बी.ए किया फिर बाद में रब्वा आकर एम ए किया।

1943 में हज़रत मुस्लेह मौऊद जब दिल्ली पधारे तब हसन मुहम्मद ख़ान आरिफ साहिब ने अपना जीवन वक्फ करने का फैसला किया, जबकि इस समय आप गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के एक विभाग में कार्यरत थे। जब हसन मुहम्मद ख़ान आरिफ ने अपने पिता को यह बताया तो वह बहुत ख़ुश हुए और उन्होंने यह भी सलाह दी कि वक्फ करने जा रहे हो, यह मत सोचना कि तुम्हें बहुत आराम मिलेगा। अगर वास्तविक रंग में वक्फ करना है तो याद रखो कि यह कांटों की सेज है और यहाँ शहज़ादों वाला जीवन तुम्हें नहीं मिलेगा और आम आदमी की तरह तुम्हें रहना होगा और जो तुम्हारी वर्तमान आय है की तुलना में बहुत कम तुम्हें गुज़ारा मिलेगा और तुम्हें इस में गुज़ारा करना होगा। बहरहाल उन्होंने कहा कि "मैं ख़ुद को वक्फ करूँगा और अपने पिता के साथ से हज़रत मुस्लेह मौऊद की सेवा में मिलने के लिए गए हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि अल्लाह ने फरमाया कि पहले अपना बी ए पूरा करो फिर वक्फ पर आना। अत: 1945 ई में उन्होंने में बीए किया। फिर हज़रत मुस्लेह मौऊद को इस की सूचना दी। और आप ने फरमाया कि रिपोर्ट करो। इस के अनुसार आप गवर्मेन्ट की नौकरी से त्याग पत्र दे कर केन्द्र में पहुंच गए। और वहां आप को नायब वकील तिजारत बना दिया गया।

और फिर भारत के विभाजन के समय हसन मुहम्मद ख़ान आरिफ साहिब ने दरवेश के रूप में स्थायी रहने के लिए निवेदन किया। हज़रत मुस्लेह मौऊद ने इस को स्वीकार किया लेकिन बहरहाल केंद्र की आवश्यकता के अनुसार बाद में पाकिस्तान बुलाया गया। वहां बाद में उन्हें उप वकील तिजारत के रूप में ज़िम्मेदारी दी गई थी। फिर फुरकान फोर्स के कार्यालय प्रभारी भी रहे। 1951 ई में दफतर वकालत तब्शीर में नियुक्ति हुई फिर 1953 ई के पंजाब के दंगों के समय दफतर तहरीक जदीद पर पुलिस ने छापा मारा। इस बीच, हसन मुहम्मद ख़ान आरिफ को भी गिरफ्तार कर लिया गया क्योंकि आप के पास दुनिया से रिपोर्टें आती थीं और मुबल्लिग़ों को हर महीने पत्र लिखते थे। बहरहाल मार्शल ला लगने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। यूं अल्लाह तआला ने आप को अल्लाह तआला की राह में कैद होने का सौभाग्य दिया। आप दफतर कमेटी के इन्चार्ज रहे। फिर दोबारा तब्शीर में चले गए। नायब वकीलुत्तबशीर रहे। 30 साल तक आप को नायब वकीलुत्तबशीर के रूप में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस के साथ दूसरे दफतरों में भी अस्थायी रूप से काम करने का अवसर मिला। वकील दीवान रहे। वकील तालीम रहे। वकील ज़िराअत रहे। वकील माल रहे। अफसर अमानत रहे। 1981 ई में उन्होंने रिटायर्मेन्ट ले ली इस के बाद यह कैनेडा हिजरत कर गए और कैनेडा जाकर अहमदिया गज़ट कैनेडा के सम्पादक के रूप में कार्य करना शुरू कर दिया और 2006 ई तक 26 सालों तक आप को यह सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ। शुरू की वसीयत करने वालों में से थे। वसीयत नम्बर आप को 5745 था। और तहरीक जदीद के सफ अव्वल के मुजाहेदीन में से थे। और उस समय आप का नम्बर 151 था।

1978 ई में उन्हों ने उर्दू भाषा में एक किताब "मुकद्दस कफन" लिखी। अंग्रेज़ी में इस किताब का अनुवाद का आरम्भ किया था। इन की अंग्रेज़ी भी बहुत अच्छी थी परन्तु हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सालिस रहमहुल्लाह ने इर्शाद फरमाया कि उर्दू भाषा में यह किताब लिखें क्योंकि उर्दू भाषा में हज़रत मसीह मौऊद नासरी के कफन के बारे में यह पहली किताब होगी। इस के अतिरिक्त बच्चों के लिए भी बहुत सी किताबें आप ने लिखीं

उनकी शादी 1944 ई में आदरणीया सय्यदह अख्तर फैज़ी साहिबा के साथ हुई थी। यह फज़लुररहमान साहिब की बेटी थी। उनसे उनके चार बेटे और दो बेटियां हैं जो अमेरिका और कनाडा में ही हैं। उनकी बहू लिखती हैं जो फरीद अहमद आरिफ की पत्नी हैं कि मैंने देखा है कि बड़े तहज्जुद गुज़ार और नियमित विनय के साथ नमाज़ पढ़ने वाले थे। ख़िलाफत से बहुत गहरा इश्क और इताअत का संबन्ध था।

कहती हैं कि इन की वफात के बाद हमें पता चला कि पाकिस्तान में कई बेवाएं और अनाथ बच्चे ऐसे थे जिन की आप स्थायी सहायता करते थे।

अमीर साहब कनाडा लिखते हैं कि जिस क्षेत्र में यह रहते हैं वहाँ कई सिख रहते हैं और सिखों से दोस्ती की वजह से सिखों ने वहां जो अपनी एक सिख संस्कृत एसोसिएशन बनाई हुई है उसका सदर उन्हें बना दिया और बड़ा मजबूर किया कि आप हमारे सदर बनें। गाड़ी चला नहीं सकते थे परन्तु इस के बावजूद यह जुम्अ: पढ़ने के लिए ब्रेमटन से आते थे और रास्ते में दो तीन बसें बदलते थे। फर अमीर साहिब ने लिखा है कि कैनेडा आने के बाद अहमदिया गज़ट का स्तर इतना ऊंचा किया जो उन के लिए सम्मान की बात है। ख़िलफाह पर पूर्ण आस्था और बहुत मुहब्बत और विश्वास रखते थे।

मैं भी उन्हें बचपन से जानता हूं, लेकिन ख़िलफात के बाद वहां एक ऐसा बदलाव था जिसे देख कर आश्चर्य होता था। प्रारंभ में जब कंप्यूटर ऐसे नहीं थे, तो वे अपने हाथों से अहमदिया गज़ट का उर्दू का हिस्सा लिखते थे और अंग्रेज़ी टाइप करते थे। फिर ख़त्बा का अंग्रेज़ी अनुवाद करते और बार बार पढ़ते। जब तक आप संतुष्ट न होते इसे गज़ट में शामिल न करते। स्मृति भी बहुत अच्छी थी इस्लामी इतिहास का गहन अध्ययन था। कुछ पुस्तकों और पत्रिकाओं का अध्ययन हर समय किया करते थे। अख़बार बहुत शौक से पढ़ते। अक्सर सहाबा के ईमान वर्धक घटनाएं सुनाया करते थे। लिखने वाले कहते हैं कि उनके ज़माने में अहमदिया गज़ट का शायद ही ऐसा पर्चा हो जिस में हज़रत ख़लीफतुल अव्वल रज़ियल्लाहो अन्हो की मिरकातुल-यकीन से कोई न कोई ईमान वर्धक घटना उर्दू और अंग्रेजी दोनों में प्रकाशित न हो।

अल्लाह तआला मरहूम से क्षमा और रहम का व्यवहार करे। उन के स्तर बढ़ाए और उन के बच्चों को भी और उन की नस्लों को ख़िलाफत और अहमदियत के साथ मज़बूत रिश्ते बनाए रखने की तौफीक़ प्रदान फरमाए।

☆ ☆ ☆

पृष्ठ 2 का शेष

के कुछ शेर अच्छी आवाज़ में पढ़े। इस के बाद कार्यक्रम के अनुसार हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रेहिल अज़ीज़ ने शिक्षा के क्षेत्र में सफलता हासिल करने वाली 46 छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए और हज़रत बेगम साहिबा ने उन छात्राओं को पदक पहनाए। शिक्षा के पुरस्कार पाने वाली उन ख़ुशनसीब छात्राओं के नाम निम्नलिखित हैं:

नाइला इफ्तेख़ार अहमद साहिबा PhD in Human Medicine,
आफिया अनवर साहिबा State Examination in Pharmacy
ज़ुहा इस्लाम साहिबा State Examination in Human Medicine
राहतुल ऐन ख़ालिद महमूद साहिबा State Examination in Dentistry,
फ़ाइज़ह सैयद अहमद साहिबा 1st State Examination in Teaching
सादिया सैयद अहमद साहिबा State Examination in Teaching
हिबतुलहई सय्यदा ग़फ़ूर साहिबा State Examination in Dentistry
अरूज मलिक साहिबा 1st State Examination in Teaching
नौरीन माहिरो साहिबा Master of Science in Medical Informatics
शाज़िया नूर चौधरी जी Master of Education in German & Geography at Gymnasium / Lehramt
अना अलवी साहिबा Master of Arts in Religious Science
शाज़िया ख़ान साहिबा Master of Science in Environmental Protection
गज़ाला अहमद साहिबा Master of Education in Economics and German
लोरा मोलीनाज़यटो साहिबा Master of Arts in Governance and Public Policy
फराह जैब ताहिर साहिबा Master of Media Computer Science Informatics
रेहाना फारूक साहिबा Master of Arts in International Marketing
सबा नासिर साहिबा Master of Science in Bio Informatics and System Biology
समीर अरशद साहिबा Bachelor of Arts in Ethnology
हीरा रहमन बट साहिबा Bachelor of Science in Business Informatics
सबीहा बिशारत साहिबा Bachelor of Arts in Religious Studies
नौरीन अहमद साहिबा Bachelor of Arts in Culture Studies
अरूशा अहमद साहिबा Bachelor of Science in International Business Information System
नबीला बुशरा साहिबा Bachelor of Arts in Social Work
फराह शब्बीर साहिबा Bachelor of Arts in Social Work
मंसूरा एहसानुल्लाह साहिबा Bachelor of Arts in Nursing and Health Promotion
श्माइलह मुजफ्फर ख़ाँ साहिबा Bachelor of Science in Psychology
माइमा अहमद साहिबा Bachelor of Arts in Social Work
नादिया चौधरी साहिबा Bachelor of Arts in English / Pedagogy
अनीला सज्जाद अहमद साहिबा Bachelor of Arts in Islamic Studies
ताहिरा भट्टी साहिबा Bachelor of Arts in Teaching
बारिया कमर असलम साहिबा Bachelor of Arts in Extracurricular Education
नोमान कमर साहिबा Bachelor of Arts in Time Based Media
मुनीरा ख़ान साहिबा A-level (Abitur)
तूबा अहमद दुर्रानी साहिबा A-Level (Abitur)
बारिया हिना कमर साहिबा A-Level (Abitur)
इफरा इकबाल साहिबा A-Level (Abitur)
सलमा मुनव्वर अहमद साहिबा A-Level (Abitur)
डॉक्टर सलमा बट साहिबा PhD in Breast Cancer
निदा रियाज़ साहिबा Master of Science in Electrical Engineering
सादिया महमूद साहिबा Master of Science in Chemistry
श्माइलह मदहत बासित साहिबा Master of Science in Medicine and Clinica l Research
ताहिरा मुबश्शर साहिबा Master of Science in Industrial & Organizational Psychology
समीना जावेद जी High School Diploma
अरूशा ज़ाहिद भट्टी साहिबा BBIT (Hons)
अमतुल वदूद बुशरा साहिबा Master of Science in Zoology & Fisheries
सारा अब्दुल सत्तार अहमद साहिबा Master of Science in Organic Chemistry From Baghdad

पुरस्कार वितरण समारोह के बाद 12: 28 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह अल्लाह तआला बिनस्रेहिल अज़ीज़ ने ख़िताब फ़रमाया।

ख़िताब
हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह अल्लाह तआला बिनस्रेहिल अज़ीज़

